प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 25.08.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

1–मुख्यमंत्री ने आज डौंडीलोहारा में आयोजित समारोह में महतारी वंदन योजना की इकतीसवीं किस्त की राशि जारी की।

2–रायपुर में आयोजित ''स्नेह की डोर'' कार्यक्रम में महिलाओं ने मुख्यमंत्री सहित सुरक्षा बल के जवानों को बांधे रक्षासूत्र।

3–शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उच्च शिक्षा संस्थानों के इक्कीस सदस्यों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगी–इनमें रायपुर के प्रोफेसर डॉक्टर राजीव चौधरी भी शामिल हैं।

4–कल ईद मिलादुन्नबी का पर्व प्रदेश में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

## महतारी वंदन योजना–राशि अंतरित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बालोद जिले के डौंडीलोहारा में आयोजित बिहान दीदी और स्व–सहायता समूह सम्मान समारोह में महतारी वंदन योजना की इकतीसवीं किस्त की राशि जारी की। उन्होंने महिलाओं के खातों में छह सौ इकतीस करोड़ से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व से पहले बहनों के जीवन में खुशहाली की एक और सौगात पहुंचाने का सौभाग्य मिला है।

## मुख्यमंत्री–स्नेह की डोर कार्यक्रम

रक्षाबंधन पर्व से पहले रायपुर स्थित बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आज 'स्नेह की डोर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सुरक्षा बलों, सेना और पुलिस जवानों की कलाइयों पर स्कूली छात्राओं, दिव्यांग बालिकाओं और महिला स्व–सहायता समूहों की दीदियों ने रक्षा सूत्र बांधे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। इस अवसर पर वर्ष दो हजार सत्रह में रक्षाबंधन से एक दिन पहले माओवादी घटना में शहीद हुए उपनिरीक्षक युगल किशोर वर्मा की पत्नी माधुरी वर्मा ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राखी का यह धागा केवल भाई–बहन के स्नेह का बंधन नहीं, बल्कि एक शहीद परिवार के विश्वास और अपनत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवार के सम्मान, स्वाभिमान तथा सुख–दुःख में उनके साथ खड़े रहने का यह रिश्ता अटूट रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रायपुर जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों द्वारा तैयार पांच अभिनव प्रोजेक्ट्स – 'हरित पोषण', 'प्रोजेक्ट निरामय', 'तिरंगा शक्ति फेस्ट', 'प्रोजेक्ट अहिगुण्डिकः' और 'रायपुर अनफिल्टर्ड' का शुभारंभ किया।

## राष्ट्रपति–राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में उच्च शिक्षा संस्थानों और पॉलिटेक्निक के इक्कीस शिक्षकों–संकाय सदस्यों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगी। इनमें रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर राजीव चौधरी भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रोफेसर डॉक्टर राजीव चौधरी का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि देशभर से चयनित इक्कीस उत्कृष्ट शिक्षकों में स्थान बनाकर डॉक्टर चौधरी ने प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

## यूपीआई–दस वर्ष

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में बदलाव लाते हुए आज दस वर्ष पूरे कर लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्र की इस डिजिटल क्रांति पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपीआई प्रणाली का शुरू होना भारत के डिजिटल भुगतान इतिहास का सबसे बड़ा निर्णायक क्षण रहा है। उन्होंने देशवासियों से यूपीआई के साथ अपने अनुभव साझा करने को कहा।

## खेलो इंडिया संवाद

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सत्ताईस अगस्त को देषभर में "खेलो इंडिया संवाद दृ खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर के अलग–अलग स्थानों पर मौजूद आठ लाख से अधिक युवाओं से वर्चुअल संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम देश के प्रत्येक जिले के दो प्रमुख महाविद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ''युवा कनेक्ट'' के माध्यम से स्थानीय स्तर पर युवाओं से संवाद करने पर केंद्रित है। इसके तहत युवा प्रतिभागियों को स्थानीय खेल हस्तियों, सांसदों, विधायकों और जन–प्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा। इसके माध्यम से पिछले बारह वर्षों में भारत के खेल इकोसिस्टम के विस्तार और जमीनी स्तर के खेल अधोसंरचना में आए सकारात्मक बदलावों को रेखांकित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पंद्रह मिनट का एक समर्पित ''युवा संवाद'' सत्र भी होगा, जिसके माध्यम से युवा अपने विचार, आकांक्षाएं और नीतिगत सुझाव व्यक्त कर सकेंगे।

इस वर्ष यह समारोह ''युवा भागीदारी, खेल विकास और राष्ट्र निर्माण'' की थीम के तहत आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं, खेल हस्तियों और भावी कर्णधारों को एक राष्ट्रीय मंच पर जोड़ना है।

## ईद मिलादुन्नबी

कल ईद मिलादुन्नबी का पर्व प्रदेश में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पैगम्बर हजरत मोहम्मद के जन्मदिवस के अवसर पर रायपुर में जुलूस निकाला जाएगा। साथ ही अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज़ बेग और अन्य प्रतिनिधियों ने आज मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ईद मिलादुन्नबी की बधाई देते हुए कहा कि

पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद ने जो आपसी भाईचारा और मुहब्बत का संदेश दिया है उसे आत्मसात करने की आवश्यकता है।

## हॉकी लीग

---

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आगामी अक्टूबर महीने में रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के पहले सीजन का आयोजन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरूण साव ने आज रायपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि इस लीग में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की छह टीमें भाग लेंगी। इनमें राजधानी रॉयल्स, चित्रकूट चैलेंजर्स, संस्कारधानी स्ट्राइकर्स, चक्रधर चैंपियंस, न्यायधानी नाइट्स और मैनपाट टाइटन्स शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि यह देश के किसी भी राज्य में आयोजित होने वाली पहली राज्य–स्तरीय हॉकी लीग है, जिसे हॉकी इंडिया लीग की तर्ज़ पर संचालित किया जाएगा।

## माशिमं–प्रवेश राहत

---

छत्तीसगढ़ माध्यमिक षिक्षा मंडल द्वारा जारी दिशा–निर्देश के अनुसार हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के उत्तीर्ण और अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को निर्धारित पात्रता के आधार पर सत्ताईस अगस्त तक स्कूलों में प्रवेष दिया जा सकेगा। मंडल ने सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देष दिया है कि प्रवेष देने से पहले विद्यार्थियों की पात्रता की जांच जरूर करें।

गौरतलब है कि द्वितीय मुख्य परीक्षा का परिणाम तेरह अगस्त को जारी किया गया था। स्कूलों को प्रवेषित विद्यार्थियों की जानकारी इकतीस अगस्त तक ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करनी होगी।

## विशेष कार्यक्रम

---

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से चलाये जा रहे साइबर जागृति अभियान पर आज विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण आज रात आठ बजकर पन्द्रह मिनट से आठ बजकर तीस मिनट तक होगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## एशिया कप–राजेश दवे

---

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव और रणजी खिलाड़ी राजेष दवे को आगामी महिला टी–ट्वेंटी एषिया कप दो हजार छब्बीस के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## डिजिटल अरेस्ट

---

बिलासपुर में साइबर ठगों ने एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक को डिजिटल अरेस्ट कर करीब पैंतीस लाख रुपये ठगने की कोषिष की, लेकिन पुलिस की तत्परता से वारदात नाकाम हो गई। ठग ने खुद को आई.पी.एस. अधिकारी बताकर बुजुर्ग को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी और उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया।

इसके बाद अलग–अलग बैंक खातों में जमा रकम को एक खाते में ट्रांसफर कराने के बाद करीब पैंतीस लाख रुपये निकालने की तैयारी थी। बुजुर्ग के मित्र ने मामले की जानकारी एस.एस.पी. रजनेष सिंह को दी। उनके निर्देष पर सरकंडा टीआई प्रदीप आर्य टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग को ठगी का षिकार होने से बचा लिया।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**
**<u>और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>**

–आवास और पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज नवा रायपुर अटल नगर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण और अधोसंरचना विकास मंडल की करीब एक सौ बीस करोड़ रुपए की आवासीय परियोजना का भूमिपूजन किया।

–लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने एक सौ ग्यारह उप अभियंताओं की नियुक्ति के आदेष जारी किए हैं। इनमें एक सौ एक सिविल और दस विद्युत तथा यांत्रिक अभियंता शामिल हैं।

–सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, रायपुर द्वारा राजनांदगांव के शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय में 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत – संकल्प अभियान' के तहत चित्र प्रदर्शनी और जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

–जांजगीर–चांपा जिले के बोड़सरा गांव में करंट की चपेट में आने से तीन साल की एक बच्ची की मौत हो गई।

**<u>यूसीसी–बैठक</u>**

छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता लागू करने शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की उपस्थिति में सत्ताईस अगस्त को राजधानी रायपुर के सिविल लाइन्स स्थित न्यू सर्किट हाउस में राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इस विषय पर व्यापक विचार–विमर्श करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग दो सौ लोगों को आमंत्रित किया गया है। इनमें आयोग, निगम, मंडल, विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाज प्रमुखों, विकास प्राधिकरणों के पदाधिकारियों, प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल हैं। बैठक में समान नागरिक संहिता के विभिन्न प्रावधानों, सामाजिक प्रभावों और व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>